भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 505**
दिनांक 03.02.2026 को उत्तरार्थ

## स्वामित्व कार्ड का वितरण

505. श्रीमती हिमाद्री सिंहः

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों (शहडोल, अनूपपुर और उमरिया) के गांवों में ड्रोन आधारित भूमि सर्वेक्षण पूरा हो चुका है:

(ख) क्या सरकार ने शहडोल जैसे जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल संपत्ति रिकॉर्ड के माध्यम से भूमि विवादों में कमी संबंधी कोई विशिष्ट अध्ययन किया है;

(ग) शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक कितने परिवारों को 'स्वामित्व' कार्ड वितरित किए गए हैं और उन गांवों की संख्या कितनी है जहां मानचित्र तैयार करने का कार्य अभी भी लंबित है; और

(घ) क्या योजना के कार्यान्वयन से शहडोल के दूरदराज के क्षेत्रों में भूमि पंजीकरण प्रक्रियाओं में लगने वाले समय मेंकमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ  ललन सिंह)

(क) शाहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों (उमरिया, शाहडोल, अनूपपुर) के सभी गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, यानि की उमरिया के 196 गाँव, शाहडोल के 195 गाँव और अनूपपुर के 165 गाँव।

(ख) डिजिटल संपत्ति अभिलेखों के माध्यम से भूमि विवादों को कम करने के संबंध में सरकार द्वाराकोई अध्ययन नहीं किया गया है।

(ग) मंत्रालय स्वामित्व योजना से लाभान्वित परिवारों की संख्या का रिकॉर्ड नहीं रखता है क्योंकि संपत्ति कार्ड संपत्ति मालिकों को ही प्रदान किए जाते हैं। हालांकि, मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शहडोल जिले में 5115 संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं, अनूपपुर जिले में 4079 संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं और उमरिया जिले में 6585 संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी गांव में मानचित्र तैयार करना लंबित नहीं है।

(घ) पंचायती राज मंत्रालय भूमि पंजीकरण प्रक्रिया के समय में कमी के संबंध में डेटा का रखरखाव नहीं करता है क्योंकि पंजीकरण तंत्र राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अलग-अलग होते हैं और राज्य-विशिष्ट भूमि तथा पंजीकरण कानूनों द्वारा शासित होते हैं।

******